# आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार

(बिहार सरकार का उपक्रम)
प्रथम तल उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना।
Email md@idabihar.com Web-www.idabihar.com Phone/ 0612-2675933,2675935 Fax: 0612-2675934

पत्रांक.................. दिनांक ..................

प्रेषक,

**निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन)**

**Registered Post & E-Mail**

सेवा में,

**M/s S.R. Construction.**
Shashi Place, Ram Krishna Nagar
Ward No-20, Begusaria- Bihar-851101

C. Program
Ai
03/10/23

विषयः **Construction of Plug and play Pre- Engineered Multi Story Building at Industrial Area Begusarai, Phase II कार्य हेतु Debar करने के संबंध में।**

प्रसंगः इस कार्यालय का पत्रांक– 4677/Tech. दिनांक– 25.08.2023 एवं प्राधिकार के पत्रांक 5104/Tech दिनांक 15.09.23

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि Construction of Plug and play Pre-Engineered Multi Story Building at Industrial Area Begusarai, Phase II का एकरारनामा सं0 52/SBD/2022-23 दिनांक 24.12.2022 किया गया है, जिसके अनुसार कार्य प्रारंभ करने की तिथि दिनांक 10.12.2022 एवं कार्य पूर्ण करने की तिथि 15.03.2023 थी। उक्त परियोजना को पूर्ण करने की अवधि वर्त्तमान में समाप्त हो चुकी है। परंतु अबतक आपके द्वारा कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है।

उक्त के संदर्भ में प्राधिकार के पत्रांक 4677/Tech दिनांक 25.08.23 द्वारा स्पष्टीकरण निर्गत किया गया है, जिसके आलोक में आपके पत्रांक 00 दिनांक 20.09.2023 द्वारा स्पष्टीकरण का प्रत्युत्तर कार्यालय को प्राप्त हुआ है। आपके द्वारा समर्पित प्रत्युत्तर की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षोपरांत निम्न तथ्य प्रकाश में आये हैः–

कार्य समाप्ति अवधि के 06 माह बीत जाने के बाद भी अबतक लगभग 24 % कार्य ही पूर्ण किया गया है। प्राधिकार के पत्रांक 4677/Tech दिनांक 25.08.23 में उल्लेखित प्रासंगिक पत्रों एवं Site Order Book के माध्यम संवेदक को कार्य पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया, परंतु संवेदक द्वारा कार्य में अपेक्षित नहीं लाया गया। पुनः पत्रांक 4115/Tech दिनांक 21.07.2023 उक्त कार्य में गति लाने हेतु नोटिस भी दिया गया, परंतु कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं है। Drawings चरणबद्व आपको उपलब्ध कराया जाता रहा है। उक्त परियोजना एकरारनामा के अनुसार अत्यंत मंद गति से क्रियान्वित किया जा रहा है। जिससे स्पष्ट होता है कि किसी परिस्थति में प्रासंगिक योजना को प्रावधानित समय–सीमा में पूर्ण किया जाना संभव नहीं है।

अतः **M/s S.R. Construction** द्वारा प्रदत्त स्पष्टीकरण को अस्वीकृत करते हुए उनके **निबंधन संख्या– IDA/31/Class-1/2022** को भविष्य में किसी भी निविदा में भाग लेने से वंचित (Debar) किया जाता है।

विश्वासभाजन

ह0 /–

निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन)

ज्ञापांक 5448/Tech दिनांक 30/09/23

प्रतिलिपिः जन–संपर्क पदाधिकारी, आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन)